E-mail: sugandh.cbse@gmail.com
Website: www.cbseacademic.in

Tel: 011-23220155
23220083

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार, के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
शिक्षासदन, 17, इन्सटिट्यूशनल क्षेत्र, राउज एवेन्यु, दिल्ली-110002.
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
*(An Autonomous Organization under the Union Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)*
"ShikshaSadan", 17, Institutional Area, Rouse Avenue, New Delhi-110002.

**के.मा.शि.बो./शै./अ.नि.(अ. एवं न.)यो.प.-II/2016** **दिनांक: 27 जनवरी, 2016**

**परिपत्र संख्या शै-05/2016**

**केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध**
**सभी विद्यालय प्रमुखों के लिए**

**विषय: कक्षा IX और X (शैक्षिक सत्र 2015-16) के लिए संकलित मूल्यांकन-II (विद्यालय आधारित) किया जाना।**

**प्रिय प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या**

1. कक्षा IX और X के लिए के.मा.शि.बो. से संबद्ध सभी विद्यालयों में विद्यालय आधारित मूल्यांकन प्रचलन में है, योजना के अनुसार प्रत्येक शैक्षिक वर्ष में चार रचनात्मक और दो संकलित मूल्यांकन किए जाते हैं।

2. कक्षा IX और X के संकलित मूल्यांकन के लिए कृपया निम्न को नोट किया जाए:

क) प्रचलित व्यवहार के अनुसार संकलित मूल्यांकन विद्यालय द्वारा आयोजित 'पेन पेपर' परीक्षा के रूप में होगा।
ख) कक्षा IX और X के संकलित मूल्यांकन के लिए अलग-अलग विषयों के प्रश्नपत्रों का पाठ्यक्रम और रूपरेखा के.मा.शि.बो. की शैक्षिक वेबसाइट पर उपलब्ध के समान ही होगी।
ग) मानकों की सुनिश्चितता के लिए बोर्ड, विद्यालयों को निम्न मुख्य विषयों के प्रश्नपत्रों को ऑनलाइन उपलब्ध करने के लिए सहायता प्रदान करेगा:

- English Communicative (Code No. 101)
- English Language & Literature (Code No. 184)
- हिन्दी कोर्स A (कोड न. 002)
- हिन्दी कोर्स B (कोड न. 085)
- गणित (कोड न. 041)
- विज्ञान (कोड न. 086)
- सामाजिक विज्ञान (कोड न. 087)
- संप्रेषणात्मक संस्कृत (कोड न. 122)

घ) अन्य विषयों/भाषाओं के संबंध में विद्यालय स्वयं अपने प्रश्न पत्र तैयार करेंगे।

3. विद्यालय में प्रश्न पत्रों का वितरण करने और अंक प्रदान करने की योजना हेतु, बोर्ड वेब आधारित तकनीक का इस्तेमाल करता रहा है और एक समाधान निर्मित किया गया है, जिसे एकीकृत परीक्षा प्रबन्धन योजना (ITMS) कहते हैं। के.मा.शि.बो.-आई टी एम एस एक अनुप्रयोग है, जोकि स्वत: ही प्रश्न पत्रों और अंक योजना को तैयार व वितरण करने का कार्य करता है। यह नवाचार समाधान के.मा.शि.बो. से संबद्ध विद्यालयों को प्रश्न पत्रों तक पहुंच बनाने और पारदर्शी, सुरक्षित और उपयोगकर्ता सहयोगात्मक तरीके से डाउनलोड करने की अनुमति देता है,

   नए संबद्ध हुए विद्यालयों के प्रधानाचार्यों से संलग्नक I को पढ़ने और स्वयं को व्यवस्था में पंजीकृत कराने के लिए निवेदन किया जाता है। प्रधानाचार्य जो पहले ही पंजीकृत हैं उन्हें पुन: पंजीकरण करवाने की आवश्यकता नहीं है, पूर्व में जारी लॉगइन आई डी और पासवर्ड कार्य करेंगे।

4. प्रत्येक विद्यालय को ऑनलाइन ITMS व्यवस्था के द्वारा दो सेट उपलब्ध कराए जाऐंगे।

5. विद्यालय निम्न में से कोई एक विकल्प चुन सकते है:

   क) विद्यालय ITMS के द्वारा डाउनलोड किए गए प्रत्येक विषय के दो प्रश्न पत्रों में से एक का चयन कर सकते हैं।
   ख) विद्यालय ITMS से डाउनलोड किए गए दो प्रश्न पत्रों का मिश्रण और मिलान करें।
   ग) के.मा.शि.बो. की शैक्षिक वेबसाइट पर उपलब्ध रूपरेखा के अनुसार अपना स्वयं का प्रश्न पत्र तैयार करें। तथापि यदि विद्यालय स्वयं का प्रश्न पत्र तैयार करते हैं, तो प्रश्न पत्र और अंक योजना, संबधित प्रश्न पत्र आयोजित होने के एक सप्ताह के अन्दर सत्यापन करने के लिए बोर्ड को ई-मेल (ई-मेल आईडी summative.exam@cbsemail.in) किया जाना चाहिए।

6. **कक्षा IX से X का इस शैक्षणिक सत्र का द्वितीय संकलित मूल्यांकन (SA-II) 10 मार्च 2016 के बाद किया जाएगा (विद्यालय आधारित)**

7. कक्षा X के लिए तिथिवार सूची (डेटशीट) तैयार करते समय, यदि उनके पास योजना 1 और योजना 2 में भाग लेने वाले विद्यार्थी हों तो, विद्यालयों को विषयों के बारे में सतर्क होना चाहिए। **योजना 1 और योजना 2 के लिए तिथि एक जैसी नहीं होनी चाहिए।**

8. प्रत्येक विद्यालय, सहोदय समूह या शहर, कक्षा IX और X की विद्यालय आधारित परीक्षाओं के लिए, अपनी तिथिवार सूची (डेटशीट) तैयार कर सकते हैं।

9. बोर्ड द्वारा प्रश्न पत्रों और अंक योजना की आपूर्ति के लिए तालिका और विद्यालयों द्वारा संकलित मूल्यांकन (एसए-II) किया जाना।

| ऑनलाइन प्रश्नपत्रों की आपूर्ति | परीक्षा का आयोजन | ऑनलाइन अंक योजना की आपूर्ति |
|---|---|---|
| 4 मार्च 2016 से | 10 मार्च 2016 से | 19 मार्च 2016 से |

सर्वर पर भीड़-भाड़ (कंजसन) से बचने के लिए यह सुझाव दिया जाता है कि मूल्यांकन सामग्री को डाउनलोड करने के लिए निम्न सारणी का अनुकरण किया जाना चाहिए।

| क्रम संख्या | क्षेत्र के विद्यालय | डाउनलोड का समय |
|---|---|---|
| 1. | अजमेर | 7.30 प्रात: से 8.30 प्रात: |
| 2. | इलाहाबाद और देहरादून | 8.30 प्रात: से 9.30 प्रात: |
| 3. | चेन्नई | 9.30 प्रात: से 10.30 प्रात: |
| 4. | दिल्ली | 10.30 प्रात: से 11.30 प्रात: |
| 5. | गुवाहाटी और पटना | 11.30 प्रात: से 12.30 दोपहर |
| 6. | भुवनेश्वर और त्रिवेन्द्रम | 12.30 दोपहर से 1.30 दोपहर |
| 7. | पंचकुला | 1.30 दोपहर से 2.30 दोपहर |

**प्रश्न पत्र और अंक योजना को डाउनलोड करने के लिए प्रधानाचार्यों से संलग्नक-II का अनुकरण करने के लिए निवेदन किया जाता है**

10. विद्यालयों को वांछित प्रश्न पत्र की मुद्रित / प्रतियॉ लेनी चाहिए (उपरोक्त पैरा – 4 का अवलोकन करें) और तत्पश्चात विद्यालय स्तर पर आवश्यक संख्या में मुद्रित प्रतियॉ तैयार की जाएं, **इन प्रश्न पत्रों को गोपनीयता बरतते हुए सावधानी पूर्वक रखना चाहिये।**

11. पुन: यह नोट किया जाना चाहिए कि कक्षा IX और X के लिए प्रश्न पत्र बोर्ड द्वारा तैयार किए गए हैं और एकरूपता और मानदण्डो को बनाए रखने के उद्देश्य से विद्यालयों को आनलाइन प्रेषित किए जा रहे हैं। हितधारकों से प्राप्त फीडबैक और सुझावों के आधार पर यदि आवश्यकता हुई तो बोर्ड इस योजना की भविष्य में समीक्षा कर सकता है।

12. अंग्रेजी विषय के अलावा अन्य सभी प्रश्न पत्र और अंक योजना एम. एस. वर्ड. और पी. डी. एफ. फार्मेट पर उपलब्ध होंगे। अंग्रेजी के प्रश्न पत्र केवल वर्ड फार्मेट पर उपलब्ध होंगे यह आवश्यकता होने पर विद्यालय को प्रश्न पत्र बदलने में सक्षम होने के लिए किया गया है।

13. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन विद्यालय के शिक्षकों द्वारा दी गई सूची के अनुसार आनलाइन उत्पन्न अंक योजना के तहत किया जाएगा। यथा स्थल मूल्यांकन के लिए विद्यालय, सहोदय विद्यालय समूह का प्रयोग कर सकते हैं ताकि अन्य विद्यालयों के शिक्षक भी इसमें सम्मिलित हों।

14. विद्यालय द्वारा की गई मूल्यांकन प्रक्रिया का बोर्ड के अधिकारियों / बोर्ड द्वारा नामितों के द्वारा यादृच्छिक जांच की जाएगी।

15. कृपया नोट करें कि कक्षा IX और X के संकलित मूल्यांकन II की उत्तर पुस्तिका किसी भी अवस्था में बोर्ड को नही भेजी जानी है। तथापि इन्हें के. मा. शि. बो. द्वारा दिनांक 20/07/2012 को जारी परिपत्र के विवरणानुसार सुरक्षित अभिरक्षा में रखा जाना है।

**यह अत्यावश्यक है कि कोई भी विद्यालय त्रुटिपूर्ण प्रश्न पत्रों का प्रयोग नही करे, विद्यालय प्रमुखों को सुनिश्चित करना चाहिए कि कक्षा IX और X (SA – II) के प्रश्न पत्रों को उचित प्रकार से दिखने के लिए यथोचित फॉन्टस डाउनलोड और इंस्टाल किए जाएं तत्पश्चात परीक्षा लेने से पूर्व प्रश्न पत्र की गहराई से जांच की जानी चाहिए। अन्तर पाए जाने पर विवरण निम्न पदधारित व्यक्ति को भेजे जाने हैं:-**

प्रशासनिक सहायतार्थ:
श्री सुभाष चन्द्र , उपनिदेशक
फोन न. 011-23324399
ई मेल : summative.exam@cbsemail.in

तकनीकी सहायतार्थ:
श्री मीरन मदीन, परियोजना सहयोगी
फोन नं, 011-23324398
ई मेल : summative.exam@cbsemail.in

भावी प्रगति के लिए ITMS लॉग इन पेज पर फीड बैक फार्म उपलब्ध कराया गया है इसे डाउनलोड कर, भर कर summative.exam@cbsemail.in पर भेज दें।

16. यह निवेदन किया जाता है कि सभी विद्यालयों को इस परिपत्र को पढने के बाद यह सुनिश्चित करने के लिए कि उन्हें प्रणाली का पासवर्ड याद हो गया है अति शीघ्र लॉग इन करना चाहिए। सभी विद्यालयों से प्रणाली तंत्र पर विवरण विशेषत: प्रधानाचार्य का नाम और संपर्क नम्बर अद्यतन करने के लिए अनुरोध किया जाता है।

सुगंध शर्मा

**(सुगंध शर्मा)**
**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**

**संलग्न: अनुलग्नक I, अनुलग्नक II एवं अनुलग्नक III**

**अधोलिखित, समस्त निदेशालयों, संगठनों, संस्थानों के प्रमुखों और अधिकारियों को प्रतिलिपि इस अनुरोध के साथ जैसा कि नीचे दर्शाया गया है, उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाले सभी विद्यालयों को सूचना प्रदान करने का कष्ट करें।**

1 आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18-इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-110016
2 आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी -15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सेक्टर 62, नोएडा 201307
3 शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, नई दिल्ली-110054
4 निदेशक, सार्वजनिक निर्देश (विद्यालय), केन्द्र शासित प्रदेश सचिवालय, सेक्टर-9 चंडीगढ़-160017
5 शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम-737101
6 निदेशक, विद्यालयी शिक्षा, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर-791111
7 शिक्षा निदेशक, अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर-744101
8 राज्य शिक्षा संस्थान, के.मा.शि.बो. कक्ष, वी.आई.पी. मार्ग जंगली घाट. पी.ओ.-744103 अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह
9 केन्द्रीय तिब्बती विद्यालय प्रशासन, एस.एस. प्लाज़ा, सामुदायिक केन्द्र, सेक्टर-3, रोहिणी, दिल्ली-110085
10 अपर महानिदेशक, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
11 निदेशक, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना), एकीकृत मुख्यालय, FDRC बिल्डिंग नं 202, शंकर विहार (निकट ए पी एस), दिल्ली कैंट-110010.
12 सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारी के.मा.शि.बो. को अपने संबंधित क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्धता प्राप्त विद्यालयों के प्रमुखों को परिपत्र की प्रति प्रेषित करने हेतु
13 एसोसिएट प्रोफेसर/अपर निदेशक/प्रभारी/अनुसंधान एवं नवाचार, शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध के.मा.शि.बो.
14 संयुक्त सचिव/प्रभारी/शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण (शैक्षणिक, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं नवाचार स्कंध, के.मा.शि.बो.)
15 सभी एसोसिएट प्रोफेसर और अपर निदेशक/सलाहकार/परामर्शदाता
16 सभी अपर निदेशक/संयुक्त निदेशक/उप निदेशक/सहायक-निदेशक, वोकेशलन सेल, के.मा.शि.बो.
17 सभी सहायक प्रोफेसर एवं संयुक्त निदेशक, के.मा.शि.बो.
18 सभी सहायक प्रोफेसर एवं उप निदेशक, के.मा.शि.बो.
19 उप निदेशक (परीक्षा एवं सुधार), के.मा.शि.बो.
20 सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, के.मा.शि.बो.
21 जन संपर्क अधिकारी, के.मा.शि.बो.
22 हिंदी अधिकारी, के.मा.शि.बो.
23 अध्यक्ष, के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
24 सचिव, के.मा.शि.बो. के निजी सचिव
25 परीक्षा नियंत्रक, के.मा.शि.बो. के के निजी सचिव
26 निदेशक (विशेष परीक्षा तथा सी.टी.ई.टी.), के.मा.शि.बो., के निजी सचिव
27 निदेशक (सूचना प्रौद्योगिकी) के निजी सहायक

**अपर निदेशक (अनुसंधान एवं नवाचार)**